>

Title : Need to set up food processing industries and Food Park based on

'Amla' in Pratapgarh Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

राजकुमारी रत्ना सिंह (प्रतापगढ़): मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ में आंवला की पैदावार काफी तादाद में पैदावार होती है और यहां की जलवायु आंवले के उत्पादन में काफी सहायक है। परंतु आंवले के प्रोसेसिंग की अच्छी व्यवस्था न होने के कारण हजारों रूपये का आंवला हर साल खराब हो जाता है। कुछ सूक्ष्म उद्योगों के माध्यम से आंवले का मुरब्बा अचार केण्डी बर्फी में प्रोसेस हो रहा है परंतु अभी भी आंवला का बड़ी प्रोसेसिंग इण्डस्ट्रीज न होने के कारण आंवला खराब हो रहा है। मेरे संसदीय क्षेत्र में उद्योग नहीं है एवं यह एक पिछड़ा औद्योगिक जिला है जिसके कारण लोग रोजगार की तलाश के लिए अन्य राज्यों में पलायन कर जाते हैं। विज्ञान कहता है कि आंवला विटामिन सी का सबसे ज्यादा स्रोत वाला फल है और कई बीमारियों की रोकथाम में काम आता है। इस आधार पर हमें आंवले से बनी वस्तुओं का निर्यात भी अन्य हर्बल पदार्थों की तरह कर सकते हैं। अतः मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ में आंवले के उत्पादन को देखते हुए आंवले पर आधारित उद्योग को बढ़ावा दिया जाना चाहिए और आंवले की बनी वस्तुओं के निर्यात को स्वास्थ्य का प्रचार करते हुए बढ़ावा दिया जाना चाहिए जिसकी काफी संभवनाएं हैं।

सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ में आंवले पर आधारित उद्योग की स्थापना करने हेतु केन्द्र स्तर पर प्रोत्साहन दिया जाये एवं एक फूड पार्क की स्थापना किये जाने की घोषणा की जाये।